# बजट की कमी : शहर में सात करोड़ के 40 निर्माण कार्यों पर लगा ब्रेक

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 8 फरवरी. नगरपालिका की कमजोर वित्तीय स्थिति का असर अब शहर के विकास कार्यों पर पड़ने लगा है। हालत यह है कि सड़कों को छोड़कर अन्य निर्माण से जुड़े करीब 40 कार्य केवल बजट के अभाव में लंबित हैं। जिसके कारण लोगों की नाराजगी भी बढ़ रही है।**

**नगर विकास की योजनाएं फाइलों में बंद**

**कर्मचारियों का वेतन भी अटका**

विकास की यह योजनाएं फाइलों में कैद हैं और शहर की जनता अधूरे व अधर में लटके कार्यों का खामियाजा भुगतने को मजबूर है। दरअसल इन कार्यों पर लगभग 7 करोड़ रुपए का खर्च आना है, लेकिन नगरपालिका के पास इतना फंड नहीं है कि वह इनका टेंडर तक लगा सके। बताया जा रहा है कि नए एसओआर (शेड्यूल ऑफ रेट) लागू होने के बाद पुराने स्वीकृत निर्माण कार्यों के टेंडर रिवाइज करने के लिए नगरीय प्रशासन को भेजे थे। इसके चलते चार महीने से अधिक समय से कई काम पेंडिंग पड़े रहे। बाद में जब नगरीय प्रशासन ने निर्देश दिए कि सड़क को छोड़कर अन्य निर्माण कार्य पुराने एसओएस पर ही कराए जाए तब उम्मीद जागी थी कि काम आगे बढ़ेगा, अब नगरपालिका की माली हालत इतनी खराब हो चुकी है कि स्वीकृत कार्यो के टैंडर भी नहीं लग पार रहे है। स्थिति केवल नए कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पहले से स्वीकृत योजनाएं भी अटक गई है। इसके पीछे मुख्य




वजह नगरपालिका के पास फंड की कमी बताई जा रही है।

**समय पर नहीं हो रहा कर्मचारियों का वेतन भुगतान :** बजट की कमी का असर केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है। इसका सीधा प्रभाव नगर पालिका कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। पिछले पांच महीनों से कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। हालात यह हैं कि वेतन भुगतान महीने की अंतिम तारीख में किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है। समय पर वेतन न मिलना न केवल आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है, बल्कि कार्यक्षमता और मनोबल पर भी असर डाल रहा है। अभी हाल ही में कर्मचारियों ने वेतन में हो रही देरी को लेकर भाजपा प्रदेशअध्यक्ष और नगरपालिका के सामने प्रदर्शन कर समय पर वेतन भुगतान की मांग रखी थी, लेकिन बजट की कमी के कारण यह सभी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे है। वर्तमान में जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनमें ठेकेदारों को भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो दूसरी तरफ नए एसओआर में केवल सड़कों के ही रेट तय किए गए हैं, लेकिन संबंधित पोर्टल में ऑप्शन बंद होने की वजह से टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। नतीजतन शहर के वाडों की जर्जर सड़कों के सुधार की योजना भी अधर में लटकी है।

**समय पर भुगतान नहीं होने से धीमी पड़ी रफ्तार**

वित्तीय संकट की मार रनिंग कार्यों भी साफ नजर रही है। वर्तमान में जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनमें ठेकेदारों को भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो दूसरी तरफ नए एसओआर में केवल सड़कों के ही रेट तय किए गए हैं, लेकिन संबंधित पोर्टल में ऑप्शन बंद होने की वजह से टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। नतीजतन शहर के वाडों की जर्जर सड़कों के सुधार की योजना भी अधर में लटकी है। एक तरफ नए रेट लागू हैं, दूसरी तरफ तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनें विकास को रोक रही हैं। इस वजह से सड़कों का निर्माण भी बंद है। ठेकेदारों का भुगतान अटकने के कारण कई काम की रफ्तार धीमी कर चुके हैं।

बजट के अभाव में कई निर्माण कार्यों के टेंडर नहीं लग सके हैं। चूंकि थोक में पार्षदों ने कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृति के लिए दिए थे। इसलिए अध्यक्ष के साथ बैठकर यह तय करेंगे कि प्रत्येक वाडों में बजट के अनुसार एक या दो ही कार्य कराए जाएं।

**सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल**

**बजट की कमी से स्वीकृत कार्य के नहीं लगा पा रहे टेंडर**

बजट की कमी के कारण कई निर्माण कार्यो की गति बेहद धीमी है। शहर के प्रमुख चौक- चौराहों के सौंदर्गीकरण, अंडरग्राउंड वाहन पार्किंग, चौपाटी पर दुकानों का निर्माण, अंडरग्राउंड नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स कागजों में तो जारी है, लेकिन हकीकत में इनकी गति बेहद धीमी है। इधर नगर पालिका की माली हालत इतनी खराब हो चुकी है कि स्वीकृत कार्यों के टेंडर भी नहीं लग पा रहे हैं। जिसके कारण पार्षदो से लेकर आमजनता में नाराजगी बनी हुई है। वार्डो में निर्माण कार्य नहीं होने या स्वीकृत कार्यो की धीमी रफ्तार के कारण पार्षदों को भी आमजनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

**एक नजर में**

## विजया एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान 13 को

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में विजया एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान का आयोजन 13 फरवरी दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे से तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि विजया एकादशी फाल्गुन कृष्ण एकादशी का व्रत जीवन की बाधाओं को दूर करने और भगवान विष्णु की कृपा को पाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री तिवारी ने बताया कि यह व्रत शत्रु को पराजित करने और कोर्ट कचहरी जैसे मुकदमे में जीत के लिए विशेष फलदायी माना गया है। यह व्रत शत्रुओं को पराजित करने के लिए खासकर किया जाता है। भगवान श्री रामचंद्र जी ने लंका विजय के लिए समुद्र तट पर यह उपवास किया था जिसके फलस्वरूप उन्हें विजय श्री की प्राप्ति हुई थी। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यधिक प्रिय है इसलिए इस दिन तुलसी को आवश्यक रूप से पूजन में शामिल करना चाहिए। विजया एकादशी के श्रवण से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है और मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान, रोपे पौधे

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित शासन की पहल एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर भैंसदेही तहसील की ग्राम पंचायत कौड़ी के ग्राम कौड़िया में मेहरा समाज द्वारा रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मेहरा समाज के सदस्यों ने हर घर में एक फलदार पौधा लगाने का संकल्प लेते हुए अंजीर, नारियल, बादाम, चीकू, लीची, नाशपाती, सुपारी, स्टार फरूट सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में मेहरा समाज के अध्यक्ष दिनेश बडोदे, सचिव प्रमोद बेले, विवेक बेले, शैलेश, दीपराज, नागेश, सुमित बेले, रोहित, अरुण, छोटू, राजू, गौतम, सुरेश, शिवदयाल, सुनील बेले, जगदीश हरसुले, रंगीलाल मेश्राम, गोविंदा नागले, दुर्गादास, महेश हरसुले, राज, कैलाश, मनोज एवं मनीष बडोदे शामिल थे। सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# गौवंश तस्करी के मामले में 5 वाहन जब्त, 12 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** बैतूल बाजार पुलिस ने महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाए जा रहे पांच वाहनों को जब्त कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 12 गोवंशों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी व एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को कोलगांव रोड अयोध्या लॉन और आठनेर रोड बडोरा क्षेत्र में गोवंशों से भरे वाहनों के महाराष्ट्र जाने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी



वाहनों को पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों में पांच पिकअप और एक अशोक लीलैंड वाहन शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 11 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। इन वाहनों में भरे 12 गोवंशों की कीमत करीब 2 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों के पास गोवंश परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9, 11 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया है। मुक्त कराए गए गोवंशों को त्रिवेणी गोशाला में सुरक्षित रखा गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोरेलाल यादव, मुकेश कहार, चेतराम, मनीष यादव, अनिल कहार, रमेश यादव, इंगल यादव, अक्षय कुसंगे, प्रतीक सायवान, ऋतविक उमाडे और ऋषिकेश मैटकर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में गोवंश तस्करी या पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से ऐसे किसी भी अवैध परिवहन या तस्करी की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विनोद मालवीय, नरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अशोक झरबड़े, आरक्षक प्रकाश धुर्वे, अरुण लौवंशी, माखन पाल, विशाल, कमल पवार, कमल चौरे, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा और संजू धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मेले के पूर्व टीआई ने ली शांति समिति की बैठक

**मुलताई।** मप्र एवं महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित ग्राम सालबर्डी में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेले एवं सीमा क्षेत्र में होने वाले अपराधो पर अंकुश लगाने को लेकर शनिवार को मासोद पुलिस चौकी में टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने शांति समिति की बैठक ली। बैठक में समस्त शांति समिति के सदस्यों व सरपंच व प्रतिनिधि को ग्रामों में होने वाले आपसी झगड़े छोटे छोटे विवादों को ग्राम स्तर पर ही सुलझाने के लिए चर्चा की वहीं सीमा क्षेत्र से लगे ग्रामो ग्रामों से महाराष्ट्र की ओर से आने वाले अपराधिक तत्वों पर नजर रखने व पुलिस को सूचना देने के लिए



व्हाटस एप पर शांति समिति ग्रुप बनाया गया है जिसमें कोई भी ग्रामीण प्रतिनिधि क्षेत्र की समस्या बता सकते है। टीआई परिहार ने बैठक में उपस्थित सरपंचो एवं जनप्रतिनिधियों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का अनुरोध किया। जिससे अपराधों पर नियंत्रण लगाया जा सके। वहीं महाशिवरात्रि पर सालबर्डी मेले में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाने को लेकर उपस्थित लोगो से चर्चा की गई। बैठक में टीआई नरेंद्र सिंह परिहार के साथ चौकी प्रभारी आरएस राजपूत सहित सरपंच, नागरिक उपस्थित थे।

# शिव बारात में उज्जैन की झांझ डमरू टीम देगी विशेष प्रस्तुति

**बैतूल।** महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव महाकाल की भव्य शिव बारात को इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक स्वरूप मिलने जा रहा है। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति, बैतूल के अनुसार शिव बारात में उज्जैन की ख्याति प्राप्त झांझ-डमरू टीम विशेष प्रस्तुति देगी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक ऊर्जा और अधिक बढ़ेगी। समिति के मोनू यादव ने बताया कि शिव बारात में उज्जैन का श्री भस्म रमैया भक्त मंडल अपने 30 साथियों के साथ शामिल होगा। यह दल शिव प्रिय वाद्य यंत्र डमरू की प्रस्तुति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है और भारत के कई बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतिया दे चुका है। मोनू यादव ने बताया कि श्री भस्म रमैया भक्त मंडल उज्जैन साउथ के सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म हरिहर वीर मल्लू में भी अपनी प्रस्तुति दे चुका है। इस प्रतिष्ठित टीम की सहभागिता से बैतूल की शिव बारात को विशेष पहचान मिलने की संभावना है। समिति के अमन सोनकपुरिया ने जानकारी दी कि आज सोमवार शिव विवाह उत्सव अंतर्गत ओंकारेश्वर का टीका संपन्न होगा। यह रस्म पारंपरिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी।

# संयुक्त धरना 11 को, पेंशनर्स से समर्थन की अपील

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 8 फरवरी. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बैतूल ने समस्त जिले के राज्य पेंशनर्स साथियों से 11 फरवरी को आयोजित संयुक्त धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।**

यह एक दिवसीय धरना दोपहर 12 बजे से केम्पेन हाउस परिसर, लिंक रोड टिकारी बैतूल में आयोजित किया जाएगा, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। धरना विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसके पश्चात ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में विद्युत मंडल पेंशनर्स साथियों की पेंशन गारंटी की मांग प्रमुख रूप से शामिल है, जबकि महंगाई राहत से संबंधित मांगें सभी पेंशनर्स की समान समस्या है।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने इसे संयुक्त प्रयास बताते हुए राज्य पेंशनर्स साथियों से सहयोग की अपील की है। निवेदक में अध्यक्ष सुंदरलाल कड़वे, अशोक कुमार बोरखड़े सम्भागीय अध्यक्ष, जगन्नाथ पाठेकर कार्यकारी अध्यक्ष, शिवचरण हजारे सचिव प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल एवं समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी तथा समस्त तहसील शाखा अध्यक्ष एवं सचिव प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शामिल हैं। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की सभी तहसील शाखाओं के पेंशनर्स साथियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सप्त सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किए गए हैं। बैतूल एवं सभी तहसील शाखाओं से कुल 381 मांग पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए। जिला प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल ने इस पहल में सहयोग देने वाले सभी पेंशनर्स साथियों का आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने आशा और विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मध्यप्रदेश सरकार को यथोचित निर्देश प्रदान करेंगे।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

**बैतूल।** बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर शनिवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। यह घटना पाढर और बरेठा के बीच बांचा जोड़ के पास हुई, जहां एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपती की ढाई साल की बेटी घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक विजय यादव (47) और उनकी पत्नी आरती यादव (40) नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर निवासी थे। वे अपनी ढाई साल की बेटी के साथ बाइक (एमपी-20 एमएक्स 4636) से इटारसी जा रहे थे। इसी दौरान भोपाल से बैतूल की ओर आ रहा ट्रक (एमएच-36 एए 2065) बांचा जोड़ की संकरी पुलिया पर बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दंपती सड़क पर गिर गए और ट्रक उन्हें कुचलता हुआ निकल गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची घायल अवस्था में मिली, जिसे शाहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शाहपुर भेजा है और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। हालांकि, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**बैतूल।** शाहपुर में अजाक्स संघ की तहसील व ब्लॉक इकाई के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जी.आर. बर्डे विकास खंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम अजाक्स अनिल कापसे ने की। जिला अध्यक्ष बैतूल दशरथ धुर्वे, जिला सचिव हेमराज बेले, आकाश संगठन अध्यक्ष रामदास परते तथा अजाक्स संघ शाहपुर प्रभारी धनराज परते भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुर सुनील कुमार जोठे एवं



तहसील अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता बारस्कर की इकाई के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के समक्ष शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं संघ के सदस्यों को स्मृति प्रतीक स्वरूप बाबा साहेब का छाया चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानदेव झरबड़े एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश बारस्कर भी मौजूद रहे।

# अल्टीमेटम : मांगें पूरी नहीं तो काम पर नहीं जाएंगे कामगार

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदानों में कार्यरत मजदूरों ने अपने अधिकारों को लेकर निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। मजदूरों द्वारा प्रशासन और खदान प्रबंधन को दिए गए अल्टीमेटम के बाद स्थानीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है। श्रमिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मूलभूत मांगें पूरी नहीं होंगी, वे भूमिगत खदानों में काम पर नहीं उतरेंगे। सोमवार को मजदूरों का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय प्रशासन से चर्चा करेगा। मजदूर नेताओं का कहना है कि यदि ठोस समाधान नहीं निकला तो खदानों का कामकाज ठप हो सकता है और



आंदोलन तेज किया जाएगा। वरिष्ठ नेता प्रदीप नागले ने कहा, अब मजदूरों पर होने वाला अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना जॉइनिंग लेटर और पहचान के जोखिम भरे भूमिगत कार्य में मजदूर नहीं उतरेंगे। पहले अधिकार सुरक्षित होंगे, तभी काम होगा। वहीं संतोष देशमुख ने बताया कि मजदूरों ने प्रबंधन व ठेकेदारों के सामने कई प्रमुख मांगें रखी हैं लिखित जॉइनिंग लेटर, प्रत्येक श्रमिक को पीएफ-सीएमपीएफ नंबर, नियमित एवं निश्चित वेतन, श्रम कानूनों के अनुसार सुरक्षा सुविधाएं तथा ठेकेदारों द्वारा कथित कटौती और शोषण पर तत्काल रोक। मजदूरों का आरोप है कि कई श्रमिक बिना औपचारिक दस्तावेजों के जोखिमपूर्ण कार्य करने को मजबूर हैं और दुर्घटना की स्थिति में उन्हें वैधानिक लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने यह भी दावा किया कि खाते में 35-40 हजार रुपये डालकर 12-13 हजार रुपये ही मजदूरों को दिए जाते हैं और शेष राशि वापस ले ली जाती है। मजदूरों ने इस प्रथा को बंद करने तथा अब तक काटी गई राशि लौटाने की मांग की है।अब सबकी निगाहें प्रशासन-प्रबंधन और मजदूरों के बीच होने वाली वार्ता पर टिकी हैं।

**सम्मेलन** वीबीजी राम जी अभियान को लेकर बैतूल विकासखंड का सम्मेलन संपन्न

# बीस साल पुरानी कमियों को किया दूर : प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल

**बैतूल। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में आयोजित वीबी जी राम जी अभियान के तहत बैतूल विकासखंड का सम्मेलन संम्पन हुआ।**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि वीबी जी राम जी नई साईकल की तरह है जिसे कोई परिवार पुरानी और खस्ता हाल हो चुकी साईकल से बदलता है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण 2025 के तहत अब गांव की योजना और निर्माण गांव के हिसाब से तय होगें। 100 दिन की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा। आजीविका में वृद्धि होगी,



गांव के हिसाब से काम होने से किसान और श्रमिक दोनो को लाभ होगा। नए स्वरूप में वीबीजी राम जी आने से कांग्रेस को इसीलिए तकलीफ है क्योकि 2009 में नरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा करके वे महात्मा गांधी के नाम पर वोट की राजनीति करना चाहते थे। जबकि 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को हर गांव हर शहर में साकार किया है।

कांग्रेस के दौर में विदेशी उत्पादो का उपयोग करने वाले सम्मान पाते थे। आज खादी को सम्मान मिलता है। गांधी जी के विचारो को सम्मान मिलता है। देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकसित गांव और प्रदेश के साथ साथ विकसित भारत के लिए लगातार काम कर रहे है। वह दिन दूर नही जब हमारा भारत अमेरिका और चीन से भी आगे निकल जाएगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि खेतो में कटाई और बुवाई के समय श्रमिक सहजता से उपलब्ध होगें जिससे कृषि उत्पादको की लागत कम होगी। मजदूरो का पलायन रूकेगा, जीयो टेगिंग निगरानी और डिजिटल भूगतान से भ्रष्टाचार कम होगा। लक्ष्य आधारित परिसंपत्ति का निर्माण होगा, रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता मिलेगा, भूगतान में देरी पर ब्याज की सुविधा होगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को आधुनिक रूप से पुर्नगठित करने के लिए वीबी जी राम जी 2025 आया है। आजाद भारत में अग्रेजो के बनाए कानून बदल दिए गए है। उसी तरह मनरेगा की खामियों को दूर कर आज की परिस्थितीयों के अनुकूल कार्य किया गया है। बीस वर्षो में करोडो की राशी खर्च करने के बाद भी मनरेगा के कार्य दिखाई नही देते क्योकि यह कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार का अडडा बन चुके थे। अब भ्रष्टाचार समाप्त होगा, रोजगार और आजीविका में वृद्धि होगी। विकसित गांव से ही विकसित भारत की तस्वीर बनेगी।

# विहिप बजरंग दल का पांडरी गांव में किया गठन

**मुलताई। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मुलतापी के द्वारा ग्राम पांडरी के हनुमान मंदिर शनिवार की रात बैठक लेकर कार्यकारिणी का गठन किया गया।**

**हनुमान मंदिर में आयोजित हुई बैठक**

**पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व**

जिसमें बजरंग दल मुलतापी के जिला सह संयोजक भूपेश साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण राऊत, प्रखंड संयोजक दीपांशु साहू , सागर बजरंगी, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख पंकज बिहारे, प्रखंड बालउपासना प्रमुख आशीष डाहरे, गौ सेवक चेतन चोपडे सहित सभी दायित्वमान



बजरंगियो की सहमती से विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का ग्राम पांडरी में गठन किया गया। जिसमें चन्द्रशेखर धाड़से अध्यक्ष, दिपक कवडकर उपाध्यक्ष, प्रवीण कवडकर मंत्री, यश कवडकर सहमंत्री की घोषणा की गई एवं बजरंग दल में आकाश कवडकर संयोजक, अंशु कवडकर सहसंयोजक, राज कवडकर गौ रक्षा प्रमुख, रोशन कवडकर सह गौ रक्षा प्रमुख, प्रणव कवडकर बाल उपासना प्रमुख, प्रदीप कवडकर महाविद्यालय प्रमुख, राहुल कवडकर सुरक्षा प्रमुख, महेश कवडकर मठ मंदिर प्रमुख को दायित्व सौंपा गया। वहीं विहिप बजरंग दल के नवीन दायित्वमान बजरंगियों को संगठन के विस्तार रूप में त्रिशूल दीक्षा और धर्म रक्षा निधि संग्रह आगामी संगठन के कार्यक्रम जानकारी दी गई।